रिपोर्ट

आज 11/2/17 को अग्रवाल महाविद्यालय में "पहला महाराजा अग्रसेन अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत "अंर्त महाविद्यालय लोक नृत्य हरियाणवी (एकल) प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। जिसमें पलवल,होड़ल,फरीदाबाद,तिगांव के विभिन्न निजी तथा सरकारी कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति की विभिन्न आभाओं से विद्यार्थियों को आगत कराना था। कार्यक्रम में पुरुष तथा महिला वर्ग में अलग–अलग प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथी के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को महाराजा अग्रसेन के जीवन से संबंधित बातों तथा उनकी विचार धारा से अवगत कराया। उन्होंने हरियाणवीं संस्कृति के विषय में कहा कि हरियाणा "हरि की भूमि है, जिसमें स्वयं ईश्वर का वास है"। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी तथा उपस्थित छात्र–छात्राओं को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रिया (एम.कॉम.–II, अग्रवाल कॉलेज) ने प्रथम पुरुस्कार, पूजा (बी.ए.–II, अग्रवाल कॉलेज) एवं कविता (सरस्वती कॉलेज) ने द्वितीय पुरुस्कार महिला वर्ग में तथा शिवांक GGDSD College पलवल ने पहला पुरुस्कार पुरुष वर्ग में प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. के.एल.कौशिक (इंचार्ज डांस सैक्शन) की देख रेख में किया गया तथा मंच संचालन पूनम रौतेला (मैम्बर, डांस सैक्शन) द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी मात्रा में छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।